अतिक्रमण और भू-अर्जन की समस्या के कारण थीं लंबित, निर्माण में आएगी तेजी

# पटना-गया-डोभी समेत जिले की 15 सड़क योजनाओं की बाधा दूर

**पटना, प्रधान संवाददाता।** पटना जिले में लंबे समय से अतिक्रमण और भू-अर्जन को लेकर प्रभावित सड़क परियोजनाओं की समस्या समाप्त हो गई है। अब इनके निर्माण कार्य में तेजी आएगी। जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर इनको गति देने के लिए एजेंसियों और किसानों के साथ बैठक की है। पटना जिले में 30 सड़क परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इनमें 15 में अतिक्रमण और भू-अर्जन की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। शेष परियोजनाओं की समस्याओं का समाधान करने का काम अंतिम चरण में है।

पिछले तीन-चार साल से कई सड़क परियोजनाओं में अतिक्रमण और भू-अर्जन को लेकर मामला लटका हुआ था। इसमें सबसे अधिक पटना-गया-डोभी सड़क परियोजना लंबी थी। अधिकारियों का कहना है कि इस सड़क परियोजना के पूरा होने से पटना से गया जाना आसान हो जाएगा। यह इस साल पूरी हो जाएगी। इसी प्रकार कच्ची दरगाह-बिदुपुर परियोजना के मार्ग रेखन में समस्या हो रही थी, जिसे प्रशासन ने दूर कर दिया है।

बख्तियारपुर-मोकामा (एनएच-31) परियोजना के काम में भी अब बाधा नहीं रही है। इसमें कई जगहों पर अतिक्रमण का मामला था, जिसे दूर कर दिया गया है। परियोजना को लेकर ज्यादातर रैयत का भुगतान कर दिया गया है। दानापुर- बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर में खगौल में पेट्रोल पंप और महादेव फुलारी मार्ग में कई जगहों पर अतिक्रमण था। इसे हटा दिया गया है। इस क्षेत्र में कई जगहों पर बकाश्त भूमि होने के कारण किसानों में मुआवजा मिलने में परेशानी हो रही थी। इसे रैयतीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस माह से किसानों को मुआवजा मिलना शुरू हो जाएगा। वहीं बिहटा एयरपोर्ट को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर से जोड़ने के लिए एक चौड़ा रास्ता बनाया जाना है तो करजान-ताजपुर योजना में करजान से पुराने एनएच को जोड़ने में अतिक्रमण की बाधा भी दूर कर ली गई है। इससे दो सड़कें आपस में जुड़ जाएंगी। कच्ची दरगाह-विदुपुर परियोजना के मार्ग का इसीलिए सीमांकन नहीं हो रहा था क्योंकि कई जगहों पर अतिक्रमण था। इसे भी हटा दिया गया है। वहीं कन्हौली-शेरपुर और कन्हौली-रामनगर पटना रिंग रोड में कई जगहों पर स्थायी तौर पर अतिक्रमण था। इसे प्रशासन ने अभियान चलाकर खत्म कर दिया। अब पटना रिंग रोड का काम तेजी से शुरू होगा।



**30** सड़क परियोजनाओं पर पटना जिले में चल रहा है काम

## महत्वपूर्ण परियोजनाएं

- खेमनीचक मेट्रो स्टेशन योजना
- दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर
- बिहटा एयरपोर्ट को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर से चौड़ीकरण करने की योजना
- नत्थुपुर से भुसौला परियोजना
- महुली के पास एनएच का आरओबी बनाने की योजना
- पटना-गया-डोभी (एनएच-83) परियोजना
- करजान-ताजपुर योजना
- बख्तियारपुर मोकामा एनएच 31 परियोजना
- एनएच 119 डी आमस- रामनगर खंड परियोजना
- कन्हौली-रामनगर पटना रिंग रोड परियोजना
- कच्ची दरगाह-विदुपुर परियोजना
- राष्ट्रीय राजमार्ग 131 जी कन्हौली शेरपुर परियोजना